नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 309/2021

Dt- 31-8-2021

माननीय मंत्री जी,

विषयः–**झंझारपुर में कमला–बलान नदी के तट पर रिवर फ्रंट का निर्माण कराने संबंध में।**

अपनी कार्य दक्षता, दूरदर्शी सोच, पारदर्शी व्यवस्था एवं सम्यक सहभागिता से आप जल संसाधन जैसे महत्वपूर्ण विभाग के दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं।

झंझारपुर स्थित कमला–बलान नदी के तट को रिवर फ्रंट का आकार दिया जाए तो यह एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होने का अवसर मिल सकता है। पोरबंदर(गुजरात) से सिलचर(असम) ईस्ट–वेस्ट कोरिडोर के मध्य एन॰एच॰ 57 पर स्थित झंझारपुर में कमला–बलान नदी की अनुपम छटा देखते बनती है। धार्मिक रूप से कार्तिक पूर्णिमा के दिन यहां मेला के सदृश हजारों व्यक्ति स्नान करने आते हैं। प्रायः प्रत्येक पर्व में इस इलाके के प्राकृतिक सौंदर्य को देखने के लिए दूर–दूर से लोगों का आना–जाना लगा रहता है।

रेल मंत्रालय ने भी झंझारपुर क्षेत्र में रेलवे की योजनाओं को पूर्ण रूपेण साकार कर आवागमन के प्रमुख मार्ग को पर्यटकों के लिए द्वार खोल दिया है। हाल ही में दरभंगा हवाई अड्डे से उड़ान सेवा भी प्रारंभ हो गयी है। अयाची एवं वाचस्पति की तपोभूमि में कमला–बलान नदी निरंतर अपनी खुबसूरती के लिए प्रसिद्ध है। गोपालगंज जिला के नारायणी नदी पर बन रहे रिवर फ्रंट के समान झंझारपुर में कमला–बलान नदी पर रिवर फ्रंट का निर्माण होने से, मिथिला को भी पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होने का एक सुअवसर मिल सकता है। रिवर फ्रंट के सहारे घाटों का निर्माण तथा अनेक नये पार्क विकसित होंगे, जहां रंग बिरंगे फूल अपनी छटा बिखेरेंगे एवं नौनिहाल बच्चों को खेलने की पर्याप्त सुविधा मिलेगी।

झंझारपुर में रिवर फ्रंट का निर्माण होने से यह सैलानियों के आकर्षण का प्रमुख केन्द्र होगा, साथ ही यह मिथिला में रोजगार सृजन का एक माध्यम भी बनेगा।

झंझारपुर में कमला–बलान नदी के तट पर रिवर फ्रंट के निर्माण के संबंध में माननीय मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली को मैंने एक अनुरोध पत्र पत्रांक 10/2021 दिनांक 4.1.2021 के माध्यम से प्रेषित भी किया है।

शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra
31.8.21

(नीतीश मिश्रा)

ईमेल–mla-jjpur-bih@nic.in

सेवा में,

श्री संजय कुमार झा जी,
माननीय मंत्री,
जल संसाधन विभाग,
बिहार सरकार, पटना।

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in